समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# यूएस-वियतनाम ट्रेड डील से बाजार मे जंबरदस्त तेजी, सेसेंक्स 230 अंक उछला, निफ्टी 25500 के पार।

Publisher Published on 03 Jul 2025




## ऑटो-मेटल सेक्टर चमके, Nykaa और DMart के शेयरों मे गिरावट।

**मुंबई :** वैश्विक बाजारों से मिल रहे सकारात्मक संकेतों और अमेरिका-वियतनाम के बीच हुई महत्वपूर्ण ट्रेड डील के चलते भारतीय शेयर बाजारों में गुरुवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में **बीएसई सेसेंक्स 230 अंकों की उछाल के साथ** खुला, जबकि **एनएसई निफ्टी 50 25500** के पार पहुंच गया।

### ऑटो और मेटल सेक्टर मे खंरीदारी

आज के कारोबार में **ऑटो और मेटल सेक्टर के स्टॉक्स मे मंजबूती** देखने को मिली है। दोनों सेक्टर के इंडेक्स करीब **0.5% तक चढ़े**। आईटी और फार्मा सेक्टर में भी लगातार दूसरे दिन तेजी बरकरार रही। हालांकि, डिफेंस सेक्टर के शेयरों में मुनाफावसूली का दबाव बना रहा।

### Nykaa और DMart मे गिरावट

दूसरी ओर, **Nykaa** के शेयरों में आज लगभग **3% की गिरावट** दर्ज की गई। वहीं, **DMart** के शेयर **करीब 5%** फिसले। **DMar**t के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, जिसके चलते निवेशकों ने मुनाफा वसूली शुरू कर दी।

### एशियाई बाजारों का मिला-जुला रुख

एशिया पैसिफिक बाजारों में आज मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का **निक्केई इंडेक्स** गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि टॉपिक्स में **0.12%** की गिरावट देखी गई। **दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.85%** चढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का **ASX 200 करीब 0.42%** टूट गया।

**अमेरिकी बाजार मे हलचल**

अमेरिका का **नैस्डेक कंपोजिट 0.94%** ऊपर बंद हुआ, जबकि **डाउ जोंस 10.53** अंक यानी **0.02%** टूटकर **44,484.42** पर बंद हुआ। **एसएंडपी और नैस्डेक 100** से जुड़े फ्यूचर्स में हल्की तेजी देखी गई।

**ट्रेड डील का असर**

गौरतलब है कि अमेरिका और वियतनाम के बीच हुई इस डील के तहत अमेरिका वियतनाम से आयात होने वाले उत्पादों पर **20% टैरिफ** लगाएगा, जबकि अमेरिकी उत्पादों पर वियतनाम शून्य टैरिफ लागू करेगा। इसका असर **वैश्विक सप्लाई चेन** और **एशियाई** बाजारों पर साफ दिख रहा है।

**आगे क्या रहेगा फोकस**

**भारतीय बाजार** की दिशा पर आज जून महीने के अंतिम **सर्विसेज पीएमआई डेटा** और नए **आईपीओ** से जुड़ी हलचल का भी असर देखने को मिल सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.